çknf'kd lekpkj

fnukd& 18-11-2025 ¼nksigj & 1455 cts½

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल की उपलब्धता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि जलवायु परिवर्तन आज के समय में जल चक्र को प्रभावित कर रहा है। नई दिल्ली में छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 और प्रथम जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार प्रदान करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि देश के लिए जल का कुशल उपयोग आवश्यक है।

इस अवसर पर राष्ट्रपति के हाथों झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय राहे भी सम्मानित हुआ। इस विद्यालय ने जल शक्ति मंत्रालय द्वारा घोषित 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ विद्यालय की श्रेणी में संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

**************************

सरदार पटेल की 150वीं जयंती वर्ष पर हजारीबाग में ek; Hkkjr की ओर से f!dfIr Hkkjr in;k"k #!l Ijnkj@150 यूनिटी मार्च 2025" का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत विनोबा भावे विद्यालय परिसर से हुई। इस अवसर पर यूनिटी मार्च में सैकड़ों लोगों ने तिरंगा लेकर भाग लिया और छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से 'अनेकता में एकता' और 'देश सर्वोपरि' का संदेश दिया। मौके पर मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि देश की एकता और अखंडता सरदार पटेल के दूरदर्शी नेतृत्व की देन है और हमें राष्ट्र को सर्वोपरि रखने का संकल्प लेना चाहिए।

**************************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेपीएससी द्वारा आयोजित फूड सेफ्टी ऑफिसर और सीडीपीओ परीक्षाओं के परिणामों के लंबित रहने पर चिंता व्यक्त की है। अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर उन्होंने कहा कि परीक्षाएं लगभग दो साल पहले आयोजित होने के बावजूद परिणाम जारी नहीं किए गए हैं और युवाओं को रोजगार देने में सरकार गंभीर प्रतीत नहीं हो रही। मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया कि दोनों परीक्षाओं के परिणाम शीघ्र जारी कराए जाएं और नियुक्ति प्रक्रिया में किसी भी अनियमितता से बचा जाए।

**************************

गुमला में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सिसई प्रखंड के नागफेनी स्थित कल्याण अस्पताल और मिडिल स्कूल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं व शिक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत अस्पताल संचालन को गति देने, ऑपरेशन थिएटर और लेबर रूम को जल्द फंक्शनल करने का निर्देश दिया ताकि मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सके और सदर अस्पताल का भार कम हो।

**************************

लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र में पुलिस ने नावाटोली चौक स्थित एक दुकान में छापामारी कर 28 पुड़िया अवैध मादक पदार्थ के साथ दुकानदार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी सादिक अनवर रिजवी के निर्देश पर थाना प्रभारी अजीत कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने दुकान की जांच के दौरान मादक पदार्थ बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

**************************

सरायकेला जिले में पुलिस द्वारा चलाया जा रहा प्री कल्टीवेशन ड्राइव अफीम की अवैध खेती पर रोक लगाने में मददगार साबित हो रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता

**************************

राज्यभर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने आज भी सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, चतरा, पलामू और गढ़वा के लिए शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है।

*********************